पिछले दशक में कोयला खानों का बंद होना

2276. **श्री राम जेठमलानी:** क्या कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का ध्यान दिनांक 11 फरवरी, 1997 के "जनसत्ता" में "बंद कोयला खानों में फंसा है करोड़ों का कोयला" शीर्षक से प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि देश में कई कोयला खानें गत दशक से बंद पड़ी हैं;

(ग) यदि हां, तो कुल कितनी कोयला खानें बंद पड़ी है और ये किन-किन राज्यों में स्थित हैं; और

(घ) क्या सरकार ने इन खानों में कोयले की मात्रा के संदर्भ में इसके भंडार का पता लगाया है यदि हां, तो कोयले की पता लगायी गई मात्रा का ब्यौरा क्या है?

कोयला मंत्रालय की राज्य मंत्री (श्रीमती कान्ति सिंह): (क) जी, हां।

(ख) और (ग) कोल इंडिया लिमिटेड से प्राप्त सूचना के अनुसार, पिछले दशक में, अर्थात् 1986 से 1997 के दौरान बंद की गई कोयले की खानों का राज्य-वार तथा कंपनी-वार अवस्थिति का ब्यौरा नीचे दर्शाया गया है:—

कंपनी का नाम	पश्चिम बंगाल	बिहार	मध्य प्रदेश	महाराष्ट्र
ईस्टर्न कोलफील्ड्स लि॰	23	5	—	—
भारत कोकिंग कोल लि॰	—	14	—	—
सेंट्रल कोलफील्ड्स लि॰	—	5	—	—
वेस्टर्न कोलफील्ड्स लि॰	—	—	10	9
साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लि॰	—	—	9	—
जोड़	23	24	19	9

(घ) कोल इंडिया लि॰ (को॰इं॰लि॰) से प्राप्त सूचना के अनुसार को॰ इं॰ लि॰ की कुल 75 बंद पड़ी खानों में से एक खान को ग्रहीत उपभोग के लिए एक गैर को॰ इं॰ लि॰ पार्टी द्वारा खनन हेतु खोल दिया गया है तथा को॰ इं॰ लि॰ द्वारा 4 भूमिगत खानों को ओपनकास्ट खान के रूप में परिवर्तित करके उनमें उत्खनन किया जा रहा है।

को॰ इं॰ लि॰ की बकाया बंद पड़ी 70 खानों को, बंद किए जाने के कारण नीचे दर्शाए गए हैं:—

बंद की गई खानों की संख्या	कारण
(i) 56	खनन योग्य भंडारों का परिसमापन तथा अलाभकारी स्ट्रीपिंग अनुपात
(ii) 12	सुरक्षा के दृष्टिकोण से
(iii) 1	कोयले का निम्न उठान
(iv) 1	कोयले का निम्न ग्रेड

उपर्युक्त क्रम सं॰ (ii), (iii) तथा (iv) में सूचीबद्ध की गई 14 बंद पड़ी खानों में छोड़े गए कोयले के शेष भण्डार 63.62 मि॰ टन तक की मात्रा में विद्यमान हैं।

Supply of Coal to power plants

2277. SHRI AMAR SINGH: Will the Minister of COAL be pleased to state:

(a) whether Government's attention has been drawn to the news item which appeared in the 'Pioneer' dated 24th December, 1996 under the heading 'Dark days ahead as Government sets on coal projects';

(b) if so, the details thereof and the reaction of Government thereto; and